## संक्षिप्त

### मंदिर शिखर निर्माण को लेकर हुई चर्चा

**निवाई।** भगवान श्री विश्वकर्मा मंदिर में जांगिड़ समाज की तहसील सभा एवं विकास समिति की संयुक्त बैठक तहसील अध्यक्ष नारायणलाल जांगिड़ एवं विकास समिति अध्यक्ष रामेश्वरप्रसाद जांगिड़ की अध्यक्षता में आयोजित हुई। समिति सचिव मनीष बहकवा ने बताया कि बैठक में सर्वसम्मति से छात्रावास में 6 दुकानों के निर्माण को लेकर प्रस्ताव पारित किया गया। तीन किराएदारों ने प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किए और अमानत राशि जमा करवाई। इस दौरान ठेकेदार पप्पू कुमावत ने मंदिर के शिखर निर्माण में आने वाली लागत का एस्टीमेट बना कर पेश किया और शीघ्र निर्माण कार्य शुरू करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर दिनेश कुंडा, सुरेश सिरोही, रामविलास चैनपुरा, मुकेश किवाड़ा, रमेश जांगिड़, शंभू जूवाड, श्योजी राम, शंकर खंडवा व प्रेम प्रकाश सहित कई पदाधिकारी मौजूद थे।

### समस्या को सुनकर अधिकारियों को दिए निर्देश

**शाहपुरा।** कांग्रेस विधायक मनीष यादव ने ग्राम बिलांदरपुर में अपने निवास पर क्षेत्रवासियों की समस्याओं से रूबरू होकर जल्द समाधान के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्राथमिकता से गुणवतापूर्ण निस्तारण हेतु निर्देशित किया। विधायक यादव ने कहा कि सभी अधिकारी संवेदनशील होकर आमजन की समस्याओं का समाधान कर उन्हें राहत प्रदान करना सुनिश्चित करावे साथ ही अपने-अपने विभागों की सुविधाओं को समयबद्ध तरीक़े से आमजन तक पहुँचाये जिससे सभी पात्र व्यक्ति लाभान्वित हो सके।

### गौरक्षा दल ने 90 गौवंशो को करवाया मुक्त

**मालपुरा।** गौरक्षा दल मालपुरा के सदस्यो ने शनिवार की रात को गौकसी के लिये ले जाये जा रहे 90 गौवंशो को करवाया मुक्त। गौरक्षको ने बताया कि गौकसी के लिये एक कंटेनर मे गौवंश को ले जाने की मिली सुचना पर टीम बना कार्यवाही करते हुये सरवाड के पास कंटेनर को पकड तलाशी ली गई तो डबल पाटेशन मे गौवंश को ठूंस-ठूंस कर भरा हुआ था। जिन्है गौकसी के लिये ले जाया जा रहा था। कंटेनर मे भरे सभी गौवंश को सुरक्षित निकाल गौतस्करो के चंगुल से करवाया गया मुक्त। कार्यवाही के दौरान अंधेरे का फायदा उठा कंटेनर मे सवार गौतस्कर भाग छुटे।

### विमल एवं शशी को किया सम्मानित

**निवाई।** मुनि समत्व सागर महाराज और मुनि शील सागर महाराज के सानिध्य में जयपुर में स्थित कीर्ति नगर दिगंबर जैन मंदिर में दिगंबर जैन महासमिति स्थापना के 50 वर्ष पूर्ण होने पर राजस्थान अंचल इकाई द्वारा स्वर्णिम वर्ष 2024 महोत्सव पर प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन हुआ जिसमें निवाई दिगम्बर जैन महासमिति महिला संभाग अध्यक्ष शशी सोगानी एवं दिगम्बर जैन महासमिति संभाग मंत्री विमल जौंला को जैन धर्म की प्रभावना बढाने एवं धार्मिक क्षेत्र में किए गए कार्यो को लेकर दिगम्बर जैन महासमिति अंचल राजस्थान ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान प्रतिभाशाली युवाओं व समाज श्रेष्ठियों का सम्मान किया गया।

### बेटियों की घोड़ी पर बिठा कर निकाली बिंदोरी

**कोटपूतली।** शिक्षा के प्रसार का ही असर है कि समाज में जन जागृति व समानता की भावना का संचार बेटा-बेटी एक समान के रूप में दिखाई दे रहा है। समानता व महिला सशक्तिकरण हेतु बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ के साथ ऐसी ही एक अभिनव पहल निकटवर्ती ग्राम फतेहपुरा कलां में हरिराम पहलवान द्वारा अपनी पौत्रियों को घोड़ी पर बैठाकर बिंदोरी निकालते हुये दी गई। उन्होंने कहा कि बेटियां ना केवल अंतरिक्ष क्षेत्र में बल्कि इंजीनियरिंग, चिकित्सा, शिक्षा, कला, व्यापार, राजनीति, पत्रकारिता, सेना, पुलिस सहित प्रत्येक क्षेत्र में अपना परचम लहरा रही है। गांव के प्रबुद्धजनों व महिलाओं ने कहा कि बेटी और बेटे में कोई फर्क नहीं होना चाहिये। अब रुढिवादी परम्पराओं को जनता धीरे-धीरे नकारने लगी है। परिणामस्वरूप जिला कोटपूतली-बहरोड़ के लिंगानुपात में भी सुधार दिखाई दे रहा है।

# श्रीमद्भागवत कथा में सैकड़ों की तादाद में श्रद्धालु कथा का श्रवण करने पहुंचे

- कर्मजोहड़ा सीताराम मंदिर मे सीताराम की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा सह श्रीमद्भागवत कथा केतीसरे दिन विभिन्न प्रसंगों पर किए प्रवचन



श्रीमद्भागवत कथा में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़।

**पावटा।** कर्म जोहडा रामपुरा खुर्द, बजरंगपुरा आंतेला में नवनिर्मित मंदिर में श्री श्री 1008 भगवान दास महाराज, श्री श्री 1008 भरत दास महाराज, श्री श्री 1008 गोपाल दास महाराज की असीम अनुकंपा व श्री श्री 108 महंत मंगलदास महाराज के सानिंध्य मे रविवार को कर्मजोहड़ा सीताराम मंदिर मे भगवान सीताराम की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा सह श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन कथा वाचक वृंदावन से आए महंत सुदर्शनदास महाराज ने कहा कि मनुष्य जीवन में जाने अनजाने प्रतिदिन कई पाप होते है। उनका ईश्वर के समक्ष प्रायश्चित करना ही एक मात्र मुक्ति पाने का उपाय है। उन्होंने ईश्वर आराधना के साथ अच्छे कर्म करने का आव्हान किया। वही श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के तीसरे दिन कथा में बावन भगवान का जन्म के दौरान मनोरम झांकी का आयोजन कर ब्रह्मदेव की उत्पत्ति और सृष्टि के संचार के बारे में उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए उन्होंने जीवन में सत्संग व शास्त्रों में बताए आदर्शों का श्रवण करने का आव्ह ान करते हुए कहा कि सत्संग में वह शक्ति है, जो व्यक्ति के जीवन को बदल देती है। उन्होंने कहा कि व्यक्तियों को अपने जीवन में क्रोध, लोभ, मोह, हिंसा, संग्रह आदि का त्यागकर विवेक के साथ श्रेष्ठ कर्म करने चाहिए। कथा वाचक वृंदावन धाम महंत सुदर्शनदास महाराज ने रविवार को भागवत कथा के दौरान कपिल चरित्र, सती चरित्र, धुरव चरित्र, जड़ भरत चरित्र, नृसिंह अवतार आदि प्रसंगों पर प्रवचन करते हुए कहा कि भगवान के नाम मात्र से ही व्यक्ति भवसागर से पार उतर जाता है। उन्होंने भगवत कीर्तन करने, ज्ञानी पुरुषों के साथ सत्संग कर ज्ञान प्राप्त करने व अपने जीवन को सार्थक करने का आव्हान किया। भजन मंडली की ओर से प्रस्तुत किए गए भजनों पर श्रोता भाव विभोर होकर नाचने लगे। इस अवसर पर कैलाश सैनी कोटपूतली, मदन यादव लाडाकाबास, पप्पू यादव प्रागपुरा, महेश गुर्जर, रामसिंह, संतोष, महेश, मदनलाल सैनी () प्रागपुरा, रामसिंह सैनी सैनी समाज अध्यक्ष, सीताराम, ओमप्रकाश स्वामी, नीरज सैन, रुबी आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।

### कुट वाले बालाजी के शनिवार रात्रि को होगी भजन संध्या

**पीपलू।** कुट वाले बालाजी के मंदिर पर शनिवार रात्रि में बालाजी मण्डल समिति द्वारा कार्तिक माह महोत्सव के चलते भजन संध्या आयोजित हुआ। भजन संध्या में रात भर श्रोता राम भक्त हनुमान के भजनों पर झूमते नजर आए। गायक पवन सेन ने गणेश वन्दना से भजन कीर्तन की शुरुआत की। गायक सत्यनारायण अजमेरा, गोविन्द नारायण योगी, राधेश्याम, कमल लक्षकार व नोरतमल जांगिड ने बजरंग बालाजी व माता रानी सहित कई मनोरम भजनों की प्रसुतियां देकर श्रद्धालुओं को मंत्र मुक्त कर दिया।

भजन संध्या में ढोलक कन्हैयालाल वैष्णव बजा रहे थे। इस अवसर पर बालाजी मण्डल के पवन, सन्मति, नितेश, हनुमान, विनोद, चंद्रप्रकाश, जितू, रवि, शंकर, मंदिर पुजारी राधेश्याम वैष्णव, गोपाल गर्ग, कृष्ण कुमार जांगिड, सीताराम, रामदेव, नानगराम, ओमप्रकाश, भंवरलाल, जितेंद्र, नरेंद्र, सुसील व भागचंद सहित श्रदालु मौजूद रहे।

### फैक्ट्रियो में आने वाले भारी वाहनो के चलते ग्रामीण परेशान

**सावरदा।** राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 48 से चांदरमूल गांव के ग्रामीणों को आने जाने में सुविधा उपलब्ध करवाए जाने के उदेश्य से सरकार द्वारा कुछ सालो पहले करीब दो किलोमीटर डामर सड़क मार्ग का निर्माण कार्य करवाया गया था । क्योंकि चिकनी मिट्टी होने के चलते बारीस के मौसम में गांव में ट्रेक्टर को छोडकर किसी भी तरह के साधन का आना जाना सम्भव नहीं था। सड़क बनने के बाद ग्रामीणों को आने जाने हेतु सुविधा मिली तो कई लोग दुपहिया वाहनों का उपयोग करने लगे गांव में भारी वाहनो का आवागमन नही होने से सड़क भी काफी सालो तक सुरक्षित रही , परन्तु हाल ही में संचालित मार्बल ग्रेनाईट पत्थर फैक्ट्री में ओवर लोड़ वजन से भरे ट्रेलरो के लगातार आवागमन के चलते यह सड़क मार्ग करीब एक किलो मीटर की दुरी तक पुरी तरह से उखड़ कर कच्चे सड़क मार्ग मे तब्दील हो गया है।

# सूने मकानो में नकबजनी करने वाले दो गिरफ्तार

- आरोपियों की निशादेही पर सोने चांदी के आभूषण व नकद 96 हजार 900 रूपये बरामद



रेनवाल पुलिस ने नकब्जानी के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया।

**सांभरझील।** सूने मकानों में घुसकर नकबजनी करने व हजारों रुपए के माल पर हाथ साफ करने के दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में पुलिस थाना रेनवाल को बड़ी कामयाबी मिली है। गिरफ्तार किए गए आरोपी 1 मुकेश वर्मा पुत्र भंवर लाल जाति बलाई उम्र 24 साल निवासी वार्ड न 05 खालडा किशनगढ़ रेनवाल थाना रेनवाल जिला जयपुर ग्रामीण, 2. अलताफ पुत्र बाबूदीन जाति पठान मुसलमान उम्र 28 साल निवासी वार्ड न 05 खालडा, किशनगढ़ रेनवाल थाना रेनवाल जिला जयपुर ग्रामीण के रहने वाले हैं। 11 नवंबर को परिवादी अकरम खान पुत्र इस्माईल खान जाति पठान मुसलमान उम्र 35 साल निवासी मीण्डा रोड वार्ड नम्बर 05 रेनवाल थाना रेनवाल ने थाना रेनवाल ने रिपोर्ट पेश कि 26 अक्टूबर से 9 नवंबर के बीच कोई मेरे सुने मकान में घुस कर सोने चांदी के आभूषण व नकदी रूपये चोरी कर ले गये हैं।

परिवादी की रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान प्रारम्भ किया गया। प्रकरण में माल मुल्जिमान की तलाश हेतु अत्ति. पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) रजनीश पूनिया व पुलिस उप अधीक्षक वृत्त जोबनेर प्रियंका वैष्णव के सुपरवीजन व सुरेन्द्र कुमार थानाधिकारी रेनवाल के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित कर आसूचना संकलन व तकनीकी सहायता द्वारा हाजीपुर की गिरफ्तारी सुनिश्चित की गई। पुलिस ने आरोपियों की निशादेही से प्रकरण में चोरी किये गये सोने चांदी के आभूषण, एक चांदी की पायजेब, दो सोने की बाली, एक सोने की अंगुठी व 96 हजार 900 रूपये नकद बरामद कर जब्त किये गय हैं।

# आर. टी. आई. कानून के बारे में जानकारी बताई



कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोग।

**फुलेरा।** कस्बे की सांभर बाईपास रोड़ पर स्थित एक भवन परिसर में रविवार को सूचना का अधिकार कानून 2005 के बारे में जागरूकता कार्यक्रम आरटीआई एक्टिविस्ट फोरम जयपुर के तहसील संयोजक भंवर लाल सैनी की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। राकेश सोगानी ने कहा कि यह अधिनियम भारत के नागरिकों को सार्वजनिक प्राधिकरणों के कामकाज में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाने के लिए बनाया गया है। इस अधिनियम के तहत भारत का कोई भी नागरिक किसी भी सरकारी विभाग से जानकारी ले सकता है।

साथ ही उक्त अधिनियम के तहत नागरिकों को सार्वजनिक प्राधिकरणों के पास मौजूद जानकारी तक पहुंचने का अधिकार है। इस अधिनियम के तहत, नोट्स लेने, दस्तावेज़ों / अभिलेखों की प्रमाणित प्रतियां और प्रमाणित नमूने लेने का अधिकार है। इस अधिनियम के तहत, इलेक्ट्रॉनिक रूप से संग्रहीत जानकारी भी ली जा सकती है। इस अधिनियम के तहत, जानकारी मांगने के लिए, किसी भी नागरिक को निर्धारित शुल्क के साथ आवेदन करना होता है। इस अधिनियम के तहत, अगर किसी व्यक्ति को निर्दिष्ट समय के भीतर सूचना नहीं मिलती है, तो वह अपीलीय प्राधिकारी के समक्ष अपील दायर कर सकता है।

आरटीआई एक्टिविस्ट भंवर लाल सैनी ने सूचना के अधिकार कानून के विभिन्न तथ्यों के बारे में जानकारी प्रदान की ओर वरिष्ठ नागरिक कानून के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि आगामी सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 एवं विभिन्न सरकारी योजनाओं के सम्बन्ध में जन जागरूकता हेतु दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर रेलवे पेंशनर्स सोसायटी के अध्यक्ष रमेश चन्द वर्मा, पूर्व पार्षद दिलीप सुरोलिया, सी.पी. त्रिपाठी, लालचन्द कुमावत, शेष नारायण सैनी, एस. के. माथुर, नौनिहाल सिंह, घनश्याम जांगिड़, गोपाल सैनी, लाट साहब मीणा, बनवारी लाल, लालाराम, महेश वर्मा, देवेन्द्र सैन, आर. सी. कुमावत, वीरेन्द्र बंसल, भीकम चन्द, हनी शिडियोन, अशोक कुमार शर्मा, कुंजबिहारी शर्मा, गुलाब चन्द जांगिड़, ललित मोहन ओबेरॉय, राजू प्रजापति, रमेश चन्द सहित अन्य कई लोग उपस्थित रहे।

### दूसरे दिन भी धधकती रही फैक्ट्री

- करीब 30 घंटे के बाद भी आग पर नहीं पाया गया काबू

**मनोहरपुर।** पालिका क्षेत्र के मंगलम इंडस्ट्रियल पार्क में स्थित हाई केयर हाइजीन प्रोडक्शन प्राइवेट लिमिटेड डायपर नैपकिन व डायपर फैक्ट्री में शनिवार को अचानक शार्ट सर्किट से लगी आग को बुझाने में दूसरे दिन भी अग्निशमन लगी रही। जिन्होंने दिन भर में करीब 25 फेरे लगाए।वहीं जेसीबी की सहायता से फैक्ट्री के मलबे को बाहर निकाला गया।इस दौरान फायर इंचार्च बाबू लाल गुर्जर ने बताया कि पालिका क्षेत्र के मंगल इंडस्ट्रियल पार्क व आस पास में स्थित

अधिकतर फैक्ट्रियों के पास फायर सिस्टम व फायर एनओसी नहीं थी। ओर उन्होंने बताया कि सोमवार को फैक्ट्री मालिकों को नोटिस थमाया जाएगा। साथ ही नियम विरुद्ध चल रही फैक्ट्रियों को खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

विधायक ने राजस्थान सरकार के स्वायत शासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा को पत्र लिखकर मनोहरपुर नगर पालिका में अग्निशमन वाहन उपलब्ध करवाने की मांग की ह हाई केयर हाइजीन प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में आग लगने की घटना घटित हुई थी जिसमें सैकड़ो श्रमिक कार्य कर रहे थे कंपनी में आग की सूचना तुरंत संबंधित अधिकारी को दी गई परंतु मनोहरपुर नगरपालिका में अग्निशमन वहां नहीं होने के कारण अग्निशमन वाहन नगर परिषद शाहपुरा से भिजवाया गया।

### राशि स्वीकृति पर जताया विधायक का आभार

**कोटपूतली।** कस्बे के डुंगावाला हनुमान मन्दिर के सामने स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विधालय बड़ाबास में दो कक्षा कक्षों मय बरामदा व दो बालिका शौचालयों के निर्माण हेतु राज्य सरकार द्वारा 34 लाख 72 हजार रूपयों की राशि स्वीकृत करवाये जाने पर विधालय स्टॉफ सदस्यों व स्थानीय नागरिकों ने विधायक हंसराज पटेल का आभार व्यक्त किया। विधायक पटेल ने विधालय के विकास में हरसम्भव सहयोग की बात कही थी।

# नि:शुल्क नेत्र जांच एवं लैंस प्रत्यारोपण जांच शिविर आयोजित

- 22 का मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए हुआ चयन
- जीव कल्याण सेवा समिति व संत कंवर राम हरि मंदिर ट्रस्ट की और से लगाया गया निशुल्क जांच शिविर



किशनगढ़ बास में आयोजित निशुल्क जांच शिविर में मरीजों की जांच करते चिकित्सा एवं ट्रस्ट के सदस्य।

**किशनगढ़ बास।** जीव कल्याण सेवा समिति एवं संत कंवर राम हरि मंदिर ट्रस्ट के तत्वाधान में रविवार को संत कंवर राम हरि मंदिर गुरुद्वारा में निशुल्क नेत्र जांच एवं लैंस प्रत्यारोपण तथा नाक कान गला हड्डी रोग की जांच शिविर लगाया गया। शिविर में जांच के बाद 22 मोतियाबिंद के मरीजों को चिन्हित कर सहाय हॉस्पिटल जयपुर ऑपरेशन के लिए ले जाया गया वहीं शिविर में आयोजकों की ओर से नजर चश्मा कान की मशीन एवं दवाइयां निशुल्क दी गई।

सिंधी समाज के मीडिया प्रवक्ता सुनील बत्रा ने बताया रविवार को लगाए गए शिविर का शुभारंभ सिंधी समाज के मुखी गोकुलचंद झूलेलाल मंडल के बाबा बाबूलाल के मुख्य अतिथि में किया गया। मुखी गोकुलदास व बाबा साहेब बाबूलाल ने बताया कि स्वामी संत हिरदाराम , पुष्करराज ,संत सतराम दास साहिब एवं संत कंवर राम साहिब के आशीर्वाद से एवं जिला अंधा निवारण समिति के आर्थिक सहयोग व सहाय हॉस्पिटल, जयपुर सिद्धम कान ,नाक,गला रोग हॉस्पिटल जयपुर के सहयोग से शिविर का आयोजन किया गया। निशुल्क जांच शिविर में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ गौरव लाला, नाक कान गला रोग विशेषज्ञ डॉक्टर सुखराम, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर रिंकू गुप्ता एंव दंत रोग विशेषज्ञ डॉक्टर जमना दास आहूजा लायन राजेश पमनानी, सेवानिवृत्ति आयुर्वेद चिकित्सक युधिष्ठिर पमनानी ने अपनी सेवाएं दी और मरीजों के स्वास्थ्य की जांच कर उपचार दिया।

संत कंवर राम हरि मंदिर गुरुद्वारा में रविवार को निशुल्क शिविर प्रात: 9 बजे आरंभ हुआ जो दोपहर 3:00 बजे तक चला शिविर में निशुल्क नजर के चश्मे दवा एवं कान की मशीनें मिलने पर मरीजों के चेहरे खिल उठे। शिविर के दौरान सिंधी समाज के नंदलाल हरवानी झामन दास प्रभु दयाल रूपचंद बत्रा तीरथ दास राजेश कामदार रामचंद्र आडवाणी दर्शन बत्रा मोनू बजाज मुरली मल हरवानी हीरू सहित अनेक सेवादार एवं पंचायत प्रतिनिधि मौजूद रहे।

### 'अब स्वस्थ बीमारी मुक्त जीवन की राह हुई आसान'

**देवली।** रविवार को यहां एक हेल्थ केयर संस्था ने लोगों को स्वस्थ बने रहने की जानकारियां दी आज के दौर में बढ़ते केमिकल युक्त खाद्य सामग्रियों कैसे बचा जाए और इनका इस्तेमाल कम से कम कैसे किया जाए इसके बारे में गहराई से बताया । रविवार को यहां एक निजी होटल में हेल्थ अवेयरनेस का प्रोग्राम आयोजित हुआ इस दौरान हेल्थ अवेयरनेस की सुपरवाइजर प्रमिला सुवालका ने जानकारी में बताया कि आज की दौर की भाग दौड़ के बीच लोगों को किस तरह से हेल्दी स्वस्थ एक्टिव रहना चाहिए यह लाइफस्टाइल हेल्थ अवेयरनेस से आसानी से समझा जा सकता है। इस प्रोग्राम के मुख्य अतिथि बुद्धदेव सिंह जयपुर न्यूट्रिशन एक्सपर्ट एंड इंटरनेशनल हेल्थ कोच और कोटा से पहुंचे सुरेश चंद्र भंडारी न्यूट्रिशन एक्सपर्ट एंड इंटरनेशनल हेल्थ कोच कविता सुवालका इंटरनेशनल हेल्थ कोच ने प्रोग्राम में मौजूद लोगों को सेहतमंद रहने के तोर तरीके समझाएं 15 हजार से ज्यादा लोगों को स्वस्थ और एक्टिव जीवन शैली से लाभान्वित कर चुके हैं।

## सार-समाचार

### शिव पंचायत प्राण प्रतिष्ठा संपन्न



**पावटा।** ग्राम पंचायत जवानपुरा मुख्य बाजार में रविवार को शिव पंचायत प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम पंडित कपिलेश शर्मा एवं पंडित शंकर जोशी द्वारा क्षेत्र के सभी संतो की उपस्थिति में संपन्न हुई। परमानंद धाम के संत हरिओम दास महाराज, श्याम मंदिर के संत सतनारायण महाराज, भारती संत कुटिया के महावीर दास महाराज, संत आश्रम के शंकर दास त्यागी महाराज सहित अनेक संतों द्वारा विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना करके शिव पंचायत को स्थापित किया गया। इससे पूर्व ग्रामीणों द्वारा मूर्तियों को भव्य नगर परिक्रमा कराई गई। दोपहर में पूर्णाहुति एवं भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान शिव मंदिर का भव्य श्रृंगार किया गया ग्रामीण महिलाओं द्वारा दिनभर मंगल गीत गाएं गए। इस मौके पर विधायक कुलदीप धनकड़, पूर्व प्रदेश मंत्री राजकुमार देवायुष सिंह, ठाकुर नरेंद्र सिंह शेखावत, बिशन सिंह तंवर ,समाजसेवी दीपक पारीक, सूरजमल मीणा, भवानी सिंह राठौड़, रामोतार सिंह निर्माण, रोहिताश चौधरी,साधुराम मीणा ,बगुला गुर्जर, राम सिंह तंवर, दिनेश देवंदा, गुमान सिंह, गोपाल सिंह, सुल्तान धानका, कैलाश वर्मा, भगवान सहाय धानका, कैलाश डेयरी वाला, किशन वर्मा, जगदीश यादव, भागीरथ शर्मा बाबूजी, कंचन शर्मा,रजनीश गोतम,भवानी सिंह, महावीर सिंह, गिरिराज सिंह, मदन गुप्ता, गुलाबचंद गुप्ता, पूर्व सरपंच रामगोपाल जाट, बजरंग ज्योतिषी, महेश चंद्र पारीक, मनीष मीणा, सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### बजट के अभाव में कोई विकास कार्य नहीं से आम जन को समस्या

**दूदू।** ग्राम पंचायत दूदू से सीधी नगर पालिका नगर परिषद एवं जिला घोषित होने के बाद क्षेत्र की जनता में क्षेत्र के विकास की उम्मीदों को लेकर खुशी छाई थी लेकिन वर्तमान में सरकार द्वारा कोई बजट नहीं दिए जाने के कारण पंचायत से भी स्थिति विकास की ओर बदतर होती नजर आ रही है बजट के अभाव में नगर परिषद द्वारा कोई विकास कार्य नहीं कराया जा रहे हैं आम जन को समस्याओं से जूझना पड़ रहा है गत सरकार द्वारा दूदू ग्राम पंचायत को 8 अगस्त 2023 में नगर पालिका तथा 16 अगस्त 23 को नगर परिषद घोषित किया गया था पश्चात पूर्व विधायक बाबूलाल नागर ने नगर परिषद द्वारा विभिन्न 38 विकास कार्यों के लिए 8 करोड़ 82 लाख 41000 के कार्यों का शिलान्यास वित्तीय स्वीकृति जारी कराई जाकर 9 अक्टूबर 2023 को किया गया इन स्वीकृत कार्यों में नरेना रोड मोजमाबाद रोड सी सी सड़क निर्माण कार्य शुरू किया गया जो आज तक पूर्ण नहीं हो पा रहा है अधूरे पड़े कार्य से आम व्यापारिक प्रतिष्ठान के मालिकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है दिन भर उड़ती धूल के कारण बीमारियों के शिकार होना पड़ रहा है इस संबंध में अतिरिक्त जिला कलेक्टर गोपाल परिहार द्वारा बार-बार अधिकारियों की बैठकर ले जाकर सड़क निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए जा रहे हैं लेकिन ढाक के तीन पात वाली कहावत चरित्र नजर आ रही है काम धीमी गति से चल रहा है स्वीकृत 38 कार्यों में से दूसरा काम नगर परिषद द्वारा पार्षदों के साइन बोर्ड 24 लख रुपए के कराया जाकर प्राथमिकता दी गई तथा विभिन्न विकास कार्यों को शुरू नहीं किया गया सूत्रों के अनुसार नगर परिषद में कार्य कर्मचारियों को जो वेतन दिया जा रहा है जिला मुख्यालय पर स्थित विभिन्न कृषि भूमि की कॉलोनी को आबादी में परिवर्तित किया जाकर होने वाली आय से भुगतान किया जा रहा है आमजन जब छोटी-छोटी समस्याएं लेकर नगर परिषद कार्यालय में जाता है तो यह कहकर टाल दिया जाता है कि सरकार द्वारा कोई बजट नहीं दिया गया इस प्रकरण को लेकर उपसभापति अमित जोशी द्वारा नगर परिषद आयुक्त के कार्य शैली को लेकर पार्षदों के साथ आक्रोश जताया था गैर तलब है कि भाजपा सरकार में केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी इसी लोकसभा क्षेत्र से है तथा उपमुख्यमंत्री राजस्थान सरकार डॉक्टर प्रेमचंद बैरवा है के बावजूद दूदू ग्राम पंचायत से सीधा जिला बनने के बाद कोई विकास कार्य के बजट स्वीकृत नहीं हो रहे हैं क्षेत्र की जनता को मूलभूत सुविधाओं से वंचित रहकर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

### निवाई से सैकड़ों श्रद्धालु जयपुर में आयोजित कथा में हुए शामिल

**निवाई।** विश्व मंगलम सेवा संस्थान शाखा निवाई के तत्वावधान में रविवार को जयपुर में आयोजित राम जन्मोत्सव में शामिल होने के लिए देवी देवताओं के जयकारे लगाते हुए जयपुर कूच किया। संस्थान के अध्यक्ष लल्लूलाल गुप्ता ने बताया कि विश्व मंगलम सेवा संस्थान जयपुर के तत्वावधान में आयोजित श्रीराम कथा में संत मदनमोहन महाराज द्वारा भागवत कथा पर वैदिक, दर्शन शास्त्र, आध्यात्मिक, पौराणिक, गीता, रामचरित मानस और उपनिषदों के तर्कां पर विशेष प्रवचन सुने। वैदिक प्रचलन माला कार्यक्रम में निवाई से करीब 56 श्रद्धालुओं का जत्था रविवार को बस से रामधुनी करते हुए कथास्थल खण्डेलवाल भवन मानसरोवर जयपुर पहुंचा। जहां श्रद्धालुओं ने मदनमोहन महाराज के दर्शन कर श्रीरामचरित मानस ग्रंथ की विशेष पूजा अर्चना की। जन्मोत्सव में भजनों पर श्रद्धालुओं ने जमकर नृत्य किया। विश्व मंगलम सेवा संस्थान शाखा निवाई द्वारा मदनमोहन महाराज का संत परम्परा के अनुसार विशेष सम्मान किया गया। कार्यक्रम में नवलकिशोर, कैलाश रामका, रामफूल शर्मा, मुकेश टोडवाल, महेश दरगड, रवि अग्रवाल, शिवदयाल सोनी, रामकृष्ण लाछड, सर्वेश द्विवेदी, ओम विजय, राजकुमार, दीनदयाल शर्मा, नरेश पराणा, महेश तिवाडी, अशोक कोलाडा व रोहित टोडवाल सहित कई श्रद्धालु शामिल थे।

### सडक दुर्घटना में एक मरा, दो घायल

**टोंक।** सदर थाना क्षेत्र के एचएन-116 पर टोंक से ककोड की तरफ जा रहे एक मोटरसाई किल पर तीन सवारों की मोटरसाईकिल किसी अज्ञात वाहन से बचने के फेर में डिवाडर से जा टकराई, जिसमें एक अधेड की मौत तथा दो युवा घायल हो गये। थाना सूत्रों अनुसार मृतक रेवडीलाल पुत्र छीत्तर लाल बागरिया उम्र 52 साल निवासी कथुरा ग्राम करवर जिला बून्दी ने उपचार हेतु लाने जाने के प्रयास में ही रास्ते में दम तोड दिया तथा दो घायल गोबरीलाल पुत्र रेवडीलाल बागरिया उम्र 32 साल निवासी कथुरा ग्राम करवर व हरिराम पुत्र ग्यारसीलाल लाल उम्र 25 साल निवासी सरदारपुरा थाना नगरफोर्ट को उपचार हेतु जिला अस्पताल सआदत में उपचार हेतु भर्ती कराया गया। मृतक के परिजन समाचार लिखे जाने तक अस्पताल नहीं पहुंचे है, उनके आने पर ही पोस्टमोर्टम के बाद शव परिजनो को सौपा जायेगा।

### शिव प्राण प्रतिष्ठा समारोह शुभारम्भ

**मालपुरा।** शहर के जयपुर रोड स्थित अति प्राचीन फलोदी बालाजी मंदिर मे आयोजित पांच दिवसीय शिव प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आगाज रविवार को भव्य कलश यात्रा से हुआ। तत्कालेश्वर शिव मंदिर श्रोत्रियों का मौहल्ला जयपुर रोड से संत निर्मल दास महाराज के सानिध्य मे पूजा अर्चना कर कलश यात्रा प्रारम्भ हुई जो नगर भ्रमण करती हुई बालाजी मंदिर पहुंची। सिर पर मंगल कलश धारण किये सैंकडो की संख्या मे महिलाओं ने मंगल गीत गाते हुये कलश यात्रा मे भाग लिया। बैण्ड-बाजो के साथ नाचते-गाते श्रद्धालू प्राण प्रतिष्ठा समारोह शुभारम्भ के साक्षी बने। महाध्वज,श्रीराम ध्वज व हनुमान ध्वज सहित शिव ध्वज को लेने के सौभाग्यशाली बने श्रद्धालूओं को घोडी पर बैठाया गया। प्रधान कलश व प्रधान कुण्ड की भी बोंली लगाई गई।

### वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित

**दूदू।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बालिका दूदू के नवनिर्मित विद्यालय भवन परिसर में एजीएस स्वास्थ्य परियोजना के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया जाकर करीब 300 वृक्ष लगाए गए इस अवसर पर ए सीएस सदस्य पल्लवी हेड राजीव शर्मा उपखंड अधिकारी योगेश सिंह देवल पीईओ रवि शंकर दायमा प्राचार्य सविता सामरिया प्रधान कैलाश जाट शक्ति प्रसन्न छात्राओं एवं विद्यालय परिवार द्वारा वृक्षारोपण किया गया पश्चात श्रीमती अन्नपूर्णा द्वारा संगठन की ओर से लगाए गए वृक्षों की सार संभाल करने की शपथ दिलाई गई।